तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार, जुलाई 13, 2024

11 जीएनएन कालेज का मुख्य गेट बंद छात्र परेशान, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



14 जल-जंगल और जमीन की रक्षा जीवन की सुरक्षा : विधायक कविता






## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972 12782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

Advt.


## खबर संक्षेप

### जोरा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ अनुविभाग के ग्राम जोरा में शनिवार को राजस्व शिविर का आयोजन रखा गया है। इसमें भटगांव तहसील के ग्राम जोरा, ओटगन, गदहाभाठा, घाना, कोदोपाली, खुरदरहा, गेड़ापाली, घुटीकोना, चचरैल, दर्रा और मुडकट्टा के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी–1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप–जोख करना होगा, उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होंगे।

### 4 जुआरी गिरफ्तार, 53 हजार रुपए जब्त



**बिलाईगढ़।** थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ टीम द्वारा जुआ-सट्टा पर रोक लगाने अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बिरसिंगडीह के पठार में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर घेराबन्दी कर जुआ खेलने वाले जुआरियों संजय पिता कहरू चौहान 29 वर्ष निवासी मुड़पार छोटे थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़, खेल प्रसाद मिरी पिता समारू मिरी 29 वर्ष, तिजेराम कोशले पिता लक्ष्मण कोशले 31 वर्ष, महेश कोशले पिता भारत कोशले 26 वर्ष साकिनान भंवरपुर थाना सिटी कोतवाली सांरगढ जिला सांरगढ–बिलाईगढ को पकड़ा गया उक्त जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 53 हजार को जब्त किया गया। वहीं आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम का होने से विधिवत कार्रवाई की गई।

### बस कंडक्टर से मारपीट

**महासमुंद।** सवारी बिठाने और पुरानी रंजिश को लेकर बस कंडक्टर के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ महासमुंद सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि खनूजा बस ट्रैवल्स के प्रार्थी व कंडक्टर चंद्रहास मानिकपुरी पिता ईतवारी दास और चालक नारायण सोनी 10 जुलाई को बस क्रमांक सीजी 06 एच 0224 से रायपुर से बुंदेली जाने के लिए निकले। दोपहर करीब 12.30 बजे आरंग बस स्टैंड में पहुचे थे, सवारी बिठा रहे थे। उसी समय चंद्राकर ट्रैवल्स में काम करने वाले आरंग के जीतू एवं शेख आए और सवारी बिठाने की बात व पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी चंद्रहास मानिकपुरी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे।

समस्या

# तीन करोड़ का निर्माणाधीन पाथवे एक माह में जर्जर, घपला उजागर

*ट्रक के धसने से खुली पोल, फिर भी प्रशासन मौन, नगरपालिका करा रही काम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय होने तथा यहां सभी शासकीय विभागों के आला अधिकारियों की मौजुदगी के बावजूद नगर में करोड़ों की लागत से जारी विकास कार्य में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही ध्वस्त होते दिखाई देते हैं। हैरानी की बात यह है कि गुणवत्ताहीन कार्य होने की जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं इस मामले में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा चुप्पी साधे रहना नगर में चर्चा का विषय बना है।

**इस मार्ग से गुजरते हैं प्रदेश के राजस्व मंत्री**

नगर में इन दिनों मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर पेवर ब्लॉक से करीब तीन किलोमीटर लंबा पाथवे का निर्माण कार्य जारी है। करीब तीन करोड़ की लागत से नगरपालिका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा यह निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही दम तोड़ता दिखाई पड़ने लगा है। खुलेआम निविदा के नियम–शर्तों का उल्लघंन करते हुए स्तरहीन काम होने की जानकारी देते हुए बताया गया है कि जारी निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने तथा काम रोकने की बजाए संबधित अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधकर ठेकेदार को काम जारी रखने की छूट दी जा रही है। इसके चलते थोड़ी सी बारिश होते ही पाथवे पर जगह जगह पानी भरने के अलावा कई जगह पाथवे में लगा पेवर ब्लाक उखड़ने अथवा धसकने लगा है। दो दिनों पूर्व रायपुर मार्ग पर इंडोर स्टेडियम के समीप एक ट्रक का पहिया पाथवे पर आने से करीब एक फीट धंस गया था। इसके बाद ट्रक को खाली कर वहां से हटाने के तुरंत बाद ही गुणवत्ताहीन कार्य को छिपाने के उद्धेश्य से आनन-फानन में ठेकेदार द्वारा ट्रैक्टर व श्रमिक लगाकर टूटे पाथवे से मलमा हटाकर मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया।

**ठेकेदार की लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाने में जनप्रतिनिधि भी मौन**





### पाथवे की चौड़ाई सहित कई अन्य कार्यों में गड़बड़ी

नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा पाथवें का निर्माणकार्य ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है, जिसमें मुख्य मार्ग के करीब तीन किलोमीटर दोनों किनारों पर पेवर ब्लॉक लगाये जाने का कार्य शामिल हैं। जून से ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया है, लेकिन पेवर ब्लाक बिछाने के पूर्व खुदाई कर रेत बजरी गिट्टी आदि डालकर रोलर से काम्पेक्ट नहीं किया गया है। इससे पाथवे जगह–जगह से धंस अथवा उखड़ गया है, जिसमें बारिश का पानी आकर जमा हो रहा है। कई स्थानों पर ब्लॉक का तल इतना नीचे है कि उस पर पूरा कीचड़ जमा होनक से पाथवे का अस्तित्व ही समाप्त सा नजर आ रहा है। वहीं पेवर ब्लॉक के दोनों किनारे साईड सोल्डर पर सीमेंट लगाकर फिक्स किया गया है, परंतु गुणवत्ताहीन मिश्रण के कारण साईड सोल्डर जगह–जगह से टूट रहा है। ठेकेदार को कार्य करने की इतनी जल्दी है कि किसी स्थान पर डेढ़–दो मीटर की चौड़ाई में ब्लॉक है कुछ स्थानों पर जिग–जैग ब्लॉक लगाया गया है।

### कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में पालिका अधिकारियों को नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी है। इसके बावजूद जिला मुख्यालय में स्तरहीन कार्य को ठेकेदार द्वारा अंजाम देकर खुले तौर पर निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जबकि पालिका के संबंधित कार्य के पुनरिक्षित प्राक्कलन में स्पष्ट उल्लेखित है कि पेवर ब्लॉक लगाए जाने हेतु निर्धारित गहराई और चौड़ाई का गड्ढा खनन कर पर्याप्त ड्रेसिंग कर समतल करना है। वहीं ब्लॉक 150 मिमी की गहराई तक गड्ढा खोद कर ओएमसी में पानी मिलाकर उसे काम्पेक्ट करने रोलर चलाया जाना चाहिए, ताकि पर्याप्त कठोर स्ट्रेंथ प्राप्त हो सके, परंतु पूरे निर्माण कार्य के दौरान केवल गड्ढा खोद कर उस पर बजरी, सींमेट की परत डाल कर बिना लेबल किये और बिना रोलर चलाये सीधे पेवर ब्लॉक लगाया गया है।

## सीमेंट संयंत्र में हादसा वेल्डर की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



■ श्री सीमेंट संयंत्र खपराडीह में घटी घटना

जिले में स्थित संयंत्र खपराडीह में शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे घटित दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना सुहेला पुलिस टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कारखाना निरीक्षक सहित कुछ अन्य अधिकारी भी संयंत्र पहुचकर दुर्घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। दुर्घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजू पिता बहादुर यादव 26 वर्ष जिला सिवान बिहार का निवासी है। वह संयंत्र में मेक्निकल विभाग के ठेकेदार अश्वनी इंजीनयरिंग में वेल्डर का कार्य करता था। घटना के वक्त संयंत्र में स्टैकर रिफ्लेक्टर में वेल्डिंग का कार्य करने के दौरान अचानक नीचे गिर गया, जिससे सिर पर संघातिक चोट आने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### परिजनों को 40 लाख की मदद देगा संयंत्र

प्रदत्त जानकारी के अनुसार संयंत्र प्रबंधन द्वारा हादसे में मृतक राजु यादव के परिवार को तुरंत 1 लाख की नकद आर्थिक मदद के अलावा 39 लाख का चेक मृतक के आश्रित परिवार को दिये जाने पर सहमति व्यक्त की है। इस मदद के अलावा मृतक के परिवार को पीएफ तथा इएसआई की राशि व बीमा क्लेम भी अलग से मिलेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत



**सिमगा।** अंचल के हथबंद-तिल्दा रोड में जंक्शन ढ़ाबा किरण पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में कामता निवासी संतोष साहू की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कामता निवासी संतोष साहू रात्रि 8.50 बजे सिमगा से अपने गृहग्राम कामता मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी अचानक अज्ञात वाहन चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## प्राणघातक हमला, अपचारी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



पुरानी रंजीश पर मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाने वाले एक अपचारी बालक सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीड़ित और उसके साथियों पर चाकू, लाठी, पाइप आदि से मारपीट करते हुए गंभीर रूप से चोंट पहुंचाया।

पुलिस ने बताया कि 8 जुलाई को प्रार्थी दीपक वर्मा को आरोपी अक्षय कुमार एवं अन्य ने फोन कर ग्राम ढाबाडीह, ठेलकी, चौक पर बुलाया। इसमें पुरानी रंजिश की बात पर आरोपी अक्षय एवं अन्य आरोपियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का, डण्डा और पाइप से मारपीट किये। जिससे ▶▶ शेष पेज 11 पर

## बिजली का कहर, दो महिला-पुरुष और 20 बकरियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

थाना क्षेत्र के ग्राम जारा में शुक्रवार को आकाशीय बिजली के चपेट में आने से तीन किसानों की करीब 20 बकरियों की मौत की खबर सामने आई है। घटना शुक्रवार दोपहर 3 बजे की है, जहां जारा निवासी गंगा यादव, मंगलू राम यादव और कुम्हारी निवासी अगर सिंह बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सभी 20 बकरियों की मौत हो गई है। वहीं किसान थोड़ी दूर पर थे, जिससे किसान बाल-बाल बच गए। इस घटना से पशुपालकों को 2 से 3 लाख का नुकसान बताया जा रहा है।



### तालाब में नहाने गई थीं महिलाएं



**बगबुड़ा।** लवन नगर पंचायत से कुछ दूर ग्राम चिरपोटा में दशगात्र कार्यक्रम में गई कुछ महिलाएं नीम पेड़ के नीचे बैठी थी। इसी बीच महिलाएं आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। आनन फानन में ग्रामीणों ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन लाया, जिसमें एक महिला बसंती वर्मा ग्राम कोलिहा की मृत्यु हो गई। वहीं अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन में भर्ती कराया गया। इसमें से गम्भीर रूप से घायल दो महिलाओं को जिला अस्पताल बलौदाबाजार रिफर किया गया। दशगात्र कार्यक्रम में गई महिलाएं स्नान करने के लिए तालाब गई थी। तालाब के पास स्थित नीम पेड़ के नीचे कुछ महिलाएं बैठी हुई थी। उसी बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मृत्यु हो गई और तीन महिलाएं घायल हो गई।

### बिजली गिरने से 5 मवेशियों सहित चरवाहे की मौत



सिमगा। समीपस्थ ग्राम बछेरा निवासी मनीराम यादव पिता शंभु यादव 45 साल प्रतिदिन की तरह अपने मवेशियों को चारा चरा रहा था। इसी बीच दोपहर 3 बजे तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही पांच नग मवेशियों की मौत हो गई। वहीं चरवाहा मनीराम को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई में ली है।

**अधिकारी पर रिमांड प्रक्रिया तुरंत करने का दबाव बना रहा था युवक**

## सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए मारपीट करने एवं गाली गलौज, कर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा 19 जून को नयापारा तिराहा के पास एक टाटा नैनो कार को घेराबंदी कर पांच पेटी स्पेशल गोवा व्हीस्की शराब के साथ पकड़ कर मौके पर जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 एवं 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 2 आरोपी रितेश एवं सुशील को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। टाटा नैनो कार सीजी 09–1029 का मदिरा परिवहन करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उक्त आरोपियों की न्यायिक रिमाण्ड प्रक्रिया चल रही है। इस पर आरोपी शिवम चौहान द्वारा आरोपियों को छुड़ाने के लिए उक्त रिमांड प्रक्रिया तुरंत करो कहते हुए, बिना अनुमति के आबकारी आफिस में घुसकर बत्तमीजी से बात करना, गाली गलौच करना, जान से मारने की धमकी दी। साथ ही केश डायरी को छिनने फाड़ने का प्रयास किया गया। उसके द्वारा आवेश में आकर गाली गलौच जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन आबकारी आफिस में घुस शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 296, 351(2), 221, 333 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सिटी कोतवाली की टीम ने आरोपी शिवम 19 वर्ष निवासी नयापारा दुर्गा चौक पैटू डबरी पार बलौदाबाजार को पकड़ा, जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा आबकारी विभाग में जाकर गाली गलौज ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 8 लीटर महुआ शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार



भाटापारा। पुलिस सहायता केंद्र निपनिया ने ग्राम पाटन में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 1600 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर टीम ग्राम पाटन पहुंची और संतोष उम्र 48 वर्ष के घर जांच की गई, जहां 8 लीटर कच्ची महुआ शराब मिली। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### डूंडा स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड स्थित डूंडा के शासकीय हाईस्कूल में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान भारत स्काउट-गाइड के जिला पदाधिकारी और स्कूली बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर शामिल हुए। डूंडा स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए स्कूली बच्चों ने शाला परिवार के साथ मिलकर पौधे लगाए। इस मौके पर भारत स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, अध्यक्ष जी. स्वामी, वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर, रेलवे के सीनियर डिवीजन मैनेजर अवधेश कुमार त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला जिला मुख्य आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, सचिव मृत्युंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष गायत्री सिंह, अखिलेश अमले, दिनेश शुक्ला, विकासखंड सचिव मुकेश बोरकर, विष्णु साहू सहित लक्ष्य फाउंडेशन के पदाधिकारी व स्कूली बच्चे शामिल रहे।

### शालेय शिक्षक संघ ने पदोन्नति को लेकर संचालक से की चर्चा

**रायपुर।** शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र दुबे के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस अवसर पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति में हो रही देर की ओर संचालक का ध्यान आकर्षित कराया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति के करीब 40 हजार संस्था प्रमुख व शिक्षकीय पद रिक्त होने की जानकारी भी दी। इसके साथ ही व्याख्याता व प्राचार्य के रिक्त पदों पर 7 वर्षों से पदोन्नति नहीं दिये जाने पर नाराजगी जताई है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बताया कि वर्तमान में प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति के लिए पिछले 6 साल से जारी हो रही त्रुटिपूर्ण सूची से ही प्रस्ताव मंगाया गया है, जबकि संगठन ने सूचियों की सैकड़ों त्रुटियों का प्रमाण सचिव व संचालक सहित जिम्मेदार अधिकारियों को सौंपकर सत्यापन करने व त्रुटिरहित सूची जारी करने की मांग की थी।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में नीलकंठ सेवा संस्था द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। संस्थापक पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि आज विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी आंदोलन छेड़ा है, जिसमें प्रत्येक राज्य के हर जिले के कलेक्टर को संस्था के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है। जनसंख्या नियंत्रण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसी कड़ी में संस्था ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव को भी ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में भी बीपीएल को 30 यूनिट मुफ्त मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने का काम चल रहा है। एक तरफ सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांसफार्मरों में मीटर लग रहे हैं, साथ ही अब घरेलू के साथ अन्य वर्गों के उपभोक्ताओं के भी मीटर बदले जा रहे हैं। ये मीटर जब लग जाएंगे, तो उपभोक्ताओं को बिजली की खपत करने से पहले रीचार्ज कराना होगा।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि जिन बीपीएल के 20 लाख उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, उसका रीचार्ज कौन कराएगा। इसका जवाब अब यह है कि 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलने के बाद उपभोक्ताओं को अपना रीचार्ज कराने का मैसेज आएगा। 30 यूनिट मुफ्त बिजली का पैसा पहले की तरह ही प्रदेश सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में प्रीपैड मोड में स्मार्ट लगाने का आदेश जारी किया है। इसकी अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित होने के कारण इसको हर राज्य को लगाना है। छत्तीसगढ़ में भी इस योजना पर काम प्रारंभ हो गया है। रायपुर संभाग में टाटा कंपनी और बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी को स्मार्ट मीटर लगाने का काम मिला है। कंपनियों ने स्मार्ट मीटर लगाने काम प्रारंभ कर दिया है। प्रारंभ में कुछ माह तो मीटर पोस्टपैड ही रहेंगे, लेकिन इसके बाद व्यवस्था होते ही सभी मीटरों को प्रीपैड कर दिया जाएगा।

## 20 लाख बीपीएल उपभोक्ताओं के भी पुराने मीटर बदले जाएंगे

### सॉफ्टवेयर में होगी व्यवस्था

पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सॉफ्टवेयर बनाया जा रहा है, जिसमें जहां 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना के हिसाब से ही 400 यूनिट तक रोज आधे पैसे रीचार्ज से कटेंगे, वहीं बीपीएल के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट तक रीचार्ज नहीं कराना पड़ेगा। 30 यूनिट बिजली समाप्त होने से पहले ही उपभोक्ताओं को मैसेज आएगा कि उनको अब आगे बिजली का उपयोग करने के लिए रीचार्ज कराना होगा। ऐसा होने से पॉवर कंपनी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि जो उपभोक्ता बरसों से 30 यूनिट बिजली से ज्यादा की खपत करने के बाद भी बिल जमा नहीं कर रहे हैं, उनको हर हाल में रीचार्ज कराना होगा, नहीं तो उनकी बिजली कट हो जाएगी।



### मिलती रहेगी मुफ्त बिजली

स्मार्ट मीटर योजना में बीपीएल को लेकर बड़ा पेंच फंसा हुआ था। इस वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार 30 यूनिट बिजली मुफ्त देती है। इसके बाद के यूनिट के इनको पैसे लगते हैं। हालांकि ज्यादातर उपभोक्ता 30 यूनिट के बाद के पैसे भी सालों से जमा नहीं कर रहे हैं, इसके बाद भी इनकी बिजली कट नहीं की जाती, लेकिन मीटर प्रीपैड होने पर इनकी बिजली कट हो जाएगी। यही वजह है प्रदेश सरकार चाहती थी कि बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना से अलग रखा जाए, लेकिन केंद्र सरकार ने यह बात नहीं मानी है। अब सभी बीपीएल वर्ग के उपभोक्ता के मीटर भी बदले जाएंगे। ऐसे में अब पॉवर कंपनी ने तय किया है कि बीपीएल वर्ग को जो 30 यूनिट बिजली हर माह मुफ्त मिलती है, वह उसी तरह से मिलेगी जैसे अब तक मिलती है।

## एक्सीडेंट के कारक लाइट की तीव्रता मापने के साथ हार्न की तीव्रता माप सकेंगे

# नई खूबियों के साथ राज्य के 15 जिलों को आज मिलेंगे इंटरसेप्टर व्हीकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने कई तरह की कोशिश की जा रही है। रोड एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने तेज रफ्तार वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने सभी जिलों में इंटरसेप्टर व्हीकल दिए गए हैं। इसी कड़ी में पहले से ज्यादा हाईटेक इंटरसेप्टर व्हीकल 15 जिलों को दिए जा रहे हैं। नए हाईटेक इंटरसेप्टर व्हीकल का शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने निवास से फ्लैग ऑफ करेंगे।

मुख्यमंत्री जो नए इंटरसेप्टर व्हीकल को फ्लैग ऑफ करने जा रहे हैं, उन व्हीकल से सड़कों पर चलने वाले वाहनों के यंत्रों की तेज आवाज मापने के साथ वाहनों के ग्लास में निर्धारित मापदंड से अधिक गहरी काली फिल्म की आसानी से पहचान की जा सकेगी। साथ ही रात के समय मानक से ज्यादा तेज लाइट वाले वाहनों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। नए इंटरसेप्टर व्हीकल में पहले से ज्यादा हाईटेक सर्विलांस कैमरे लगे होंगे, जिसका कैमरा रेजोल्यूशन पहले से ज्यादा हाईटेक रहेगा। साथ ही 360 डिग्री तक मूव कर सकेगा। कैमरा के 360 डिग्री तक मूव करने की स्थिति में रोड एक्सीडेंट के बाद कानून व्यवस्था की समस्या होने की स्थिति में उपद्रवियों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

## पहली बार इटरसेप्टर व्हीकल में लगा है 360 डिग्री वाला सर्विलांस कैमरा

### इंटरसेप्टर व्हीकल में नई सुविधा

गौरतलब है कि पूर्व के इंटरसेप्टर व्हीकल में स्पीड राडरगन के साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों को पकड़ने ब्रीथ एनालाइजर के साथ ही पीए सिस्टम और कैमरा लगा हुआ था। इस बार इंटरसेप्टर व्हीकल में सर्विलांस कैमरे की रेजोल्यूशन बढ़ाने के साथ ही हार्न के साथ लाइट की तीव्रता मापने यंत्र लगाए गए हैं। गौरतलब है कि तेज लाइट तथा तय मानक से ज्यादा हार्न बजाए जाने की स्थिति में एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं।



### ...इसलिए ग्लास पारदर्शिता यंत्र

इंटरसेप्टर व्हीकल में पहली बार ग्लास पारदर्शिता यंत्र लगाया गया है। ग्लास पारदर्शिता यंत्र लगे होने की वजह से इंटरसेप्टर व्हीकल दूर से वाहनों में लगे ग्लास की मापक की पहचान कर सकता है। वाहनों में डार्क ग्लास लगे होने की वजह से पता नहीं चल पाता कि वाहन के अंदर अपराधी बैठे हैं या वाहन के अंदर किसी तरह के गलत कार्य हो रहे हैं। ग्लास पारदर्शिता यंत्र के माध्यम से पुलिस डार्क ग्लास वाले वाहनों की पहचान कर कार्रवाई कर सकती है।

*इन जिलों के आबंटित किए जाएंगे नए व्हीकल : नए इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ सरगुजा, जगदलपुर, कांकेर में की जाएगी। इन 15 जिलों में इंटर सेप्टर वाहनों के संचालन के लिए चिन्हित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।*

*ज्यादा हाईटेक हैं : नए इंटरसेप्टर व्हीकल पहले के इंटरसेप्टर व्हीकल की तुलना में ज्यादा हाईटेक हैं। नए इंटरसेप्टर व्हीकल में हार्न के साथ लाइट का पैमाना नापा जा सकता है। साथ ही रोड पर चल रहे वाहनों की ग्लास की डार्क को मापा जा सकता है।*
*- संजय शर्मा, एआईजी ट्रैफिक*

### इन सात खूबियों वाला होगा इंटरसेप्टर व्हीकल

- स्पीड राडारगन - निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों की गति मापन
- ब्रीथ एनालाईजर - नशे में वाहन चालन की जांच के लिए
- सर्विलांस कैमरा - निगरानी के लिए
- प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र - वाहन की तेज हेडलाईट्स (प्रकाश) की जांच के लिए
- ध्वनि मापक यंत्र - वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रो की आवाज मापने के लिए
- ग्लास पारदर्शिता यंत्र - वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने के लिए
- पीए सिस्टम यंत्र - सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश

# फुंडहर गोठान बनेगा गो अभयारण्य जोनस्तर पर होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- सीएसआर मद से होगा काम, 8 एकड़ में फैला है गोठान
- निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिये निर्देश

फुंडहर स्थित नगर निगम का गोठान अब गो अभयारण्य का स्वरूप लेगा। 8 एकड़ क्षेत्र में फैले इस गोठान को सीएसआर मद में गो अभयारण्य बनाया जायेगा। इसमें गायों को रखने पक्के शेड, हरा चारा, पानी, प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 9 कमिश्नर संतोष पांडे को गो अभयारण्य का प्रस्ताव बनवाने निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने फुंडहर गोठान का निरीक्षण के दौरान गोवंश के लिए वहां हरा चारा, पानी और सफाई की व्यवस्था देखी। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी फुंडहर गोठान का सर्वे कर इसे गो अभयारण्य बनाने प्रस्ताव तैयार करेगा। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और जिला प्रशासन की मंशा के अनुरूप गोवंश की सुरक्षा के लिए यहां गो अभयारण्य बनाने की योजना है। फुंडहर गोठान में वर्तमान में 225 गोवंश रखे गये हैं। गोठान का सर्वे कराकर उसके विस्तार के संबंध में सीएसआर मद के अंतर्गत प्रस्ताव तैयार करने निर्देशित किया गया है। इस मौके पर उपायुक्त एके हालदार, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित जोन के विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### गोकुलनगर गोठान पहुंचे निगम कमिश्नर, व्यवस्था देखी

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 6 क्षेत्र के गोकुलनगर स्थित गोठान पहुंचकर गोमाता को गुड़ खिलाकर गो सेवा की। उन्होंने गोठान में रह रहे करीब 650 मवेशियों के लिए चारा, पानी सहित परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस मौके पर जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा उपस्थित रहे।

# महादेव सट्टा मामले में भीम, अर्जुन के बाद छोटा भाई सहदेव गिरफ्तार ईओडब्लू ने दो करोड़ फ्रीज कराए



- आरोपी को जांच एजेंसी ने पटना से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने पटना में बैठकर सट्टा संचालित कर रहे तीन अन्य को गिरफ्तार किया

महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्लू ने तीन साल से फरार चल रहे निलंबित पुलिसकर्मी सहदेव यादव को बिहार, पटना से गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आरोपी का 11 बैंक अकाउंट में जमा दो करोड़ रुपए फ्रीज भी कराया है। साथ ही सट्टे की रकम से खरीदी गई इनोवा कार पुलिस ने जब्त की है।

गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने जिसे गिरफ्तार किया है, उसके दो भाई पुलिसकर्मी भीम तथा अर्जुन को ईडी की टीम पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। महादेव सट्टा एप में नाम आने तथा अपने दो भाइयों की गिरफ्तारी के बाद से सहदेव पुलिस तथा जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर फरार हो गया था। सहदेव पर आरोप है कि वह महादेव सट्टा बुक के प्रमोटर्स सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, शुभम सोनी के संपर्क में रहकर हवाला लेनदेन में हाथ बंटाने का काम करता था। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े एएसआई चंद्रभूषण वर्मा के मैनेजर किशन वर्मा को गिरफ्तार किया है।

### सहदेव की निशानदेही पर तीन अन्य गिरफ्तार

बिहार में बैठकर महादेव सट्टा एप का पैनल संचालित कर रहे सहदेव की निशानदेही पर पुलिस ने बिहार, गोपालगंज से राजा चौहान, बबलू चौहान तथा रंजन चौहान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने महादेव सट्टा एप से जुड़े महत्वपूर्ण दस्ताजेव जब्त करने के साथ ही सहदेव के साथ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# पुलिसकर्मी प्रायश्चित करने पहुंचे गुरुद्वारा, कहा- सेवा कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- मारपीट के दौरान सिख ड्राइवर की पग गिरने का मामला

टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व इंटरस्टेट बस टर्मिनल में जांच के दौरान चार पुलिसकर्मियों द्वारा एक सिख ड्राइवर को जांच के नाम पर थाने लाकर पीटने तथा मारपीट के दौरान पग गिरने की घटना हुई थी। ड्राइवर की पग गिरने की घटना को सिख समाज ने गंभीरता से लेते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। एसएसपी ने शिकायत के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। निलंबित पुलिसकर्मी अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रायश्चित करने स्टेशन रोड गुरुद्वारा पहुंचे। जहां स्टेशन गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी ने उन्हें क्षमा करते हुए गुरुद्वारा में सेवा करने अवसर प्रदान किया है।

स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह छाबड़ा के मुताबिक, ड्राइवर के साथ हुई घटना में शामिल पुलिसकर्मी गुरुद्वारा में प्रायश्चित करने पहुंचे, तब उन्हें गुरुद्वारा के अलावा किसी अन्य धार्मिक स्थल में सेवा कार्य करने अवसर दिया गया। इसके लिए उन्हें वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर में सेवा करने का ऑप्शन दिया गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। पुलिसकर्मियों के इच्छानुसार चार दिन बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा तेलीबांधा तथा तीन दिन स्टेशन रोड गुरुद्वारा में सेवा कार्य करने का अवसर दिया गया है। पुलिसकर्मियों ने अपनी गलती के लिए गुरुद्वारा में मत्था टेककर माफी भी मांगी।

*ये है पूरा मामला : गौरतलब है कि 8 जून को पुलिसकर्मी चंद्रभान सिंह भदौरिया, सुरेंद्र सिंह सेंगर, रविंद्र सिंह राजपूत तथा दानेश्वर साहू इंटरस्टेट बस टर्मिनल में ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान चारों पुलिसकर्मियों ने एक सिख बस ड्राइवर को बस स्टैंड में देर रात तक रहने की वजह पूछी। इस पर ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वह एक निजी ट्रैवल एजेंसी का बस ड्राइवर है। इस पर पुलिसकर्मी नाराज हो गए और ड्राइवर के साथ बदसलूकी की तथा मारपीट करते हुए उसकी पग निकालकर केश खींचकर पीटने लगे। इस बात का शिकायत ड्राइवर ने अपने समाज प्रमुखों से की। इसके बाद समाज के लोगों ने शिकायत एसएसपी संतोष कुमार सिंह से की। घटना के बाद टिकरापारा टीआई दुर्गेश रावटे भी गुरुद्वारा पहुंचे और उन्होंने पुलिसकर्मियों द्वारा की गई गलती के लिए माफी मांगी।*

## 81 छात्र पूरक से पास, 26 फेल से पूरक

- कई छात्रों के परिणाम में परिवर्तन, पूर्व में भी छात्र जता चुके हैं रोष

# 216 परीक्षार्थियों के अंकों में पुनर्मूल्यांकन के बाद वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा गुरुवार को बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम वर्ष के पुनर्मूल्यांकन परिणामों की घोषणा कर दी गई है। इन तीनों ही कक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन के बाद थोक में छात्रों के नतीजों में बदलाव हुए हैं। रविवि द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों के मुबातिक, बीकॉम तृतीय वर्ष में 153 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है तथा 111 छात्रों के अंक घटे हैं। हालांकि नंबर घटने या बढ़ने के बाद भी इनके परिणाम अपरिवर्तित ही रहे। बीकॉम तृतीय वर्ष में ही 75 छात्र पूरक से पास हो गए हैं। 26 छात्रों को फेल से पूरक तथा 9 छात्रों को फेल से पास श्रेणी में रखा गया है।

बीसीए द्वितीय वर्ष में 44 छात्रों के अंकों में वृद्धि हुई है और 18 छात्रों के अंक घटे हैं। 4 छात्र पूरक से पास घोषित किए गए हैं। बीसीए तृतीय वर्ष में 19 छात्रों के अंक बढ़े हैं और 7 के अंक घटे हैं। 2 को पूरक से पास घोषित किया गया है। सभी छात्रों परिणाम रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### खराब रहे हैं परिणाम

इस बार रविवि द्वारा केंद्रीय मूल्यांकन कराया गया। अर्थात प्राध्यापकों को उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की इजाजत नहीं दी गई। इसके स्थान पर उनसे परीक्षा केंद्र में ही कॉपियां जंचवाई गई। रविवि ने इस बार सभी कक्षाओं के परिणाम जल्द तो घोषित कर दिए, लेकिन कई कक्षाओं के छात्रों ने अपने नतीजों पर रोष जताया था। अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं। ना केवल प्रथम वर्ष बल्कि द्वितीय और तृतीय वर्ष के नतीजे भी अधिक उल्लेखनीय नहीं रहे। छात्रों के अपने परिणाम से असंतुष्ट होने के कारण पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या भी अधिक रही है।




- रविवि ने घोषित किए बीसीए द्वितीय व तृतीय वर्ष तथा बीकॉम अंतिम के पुनर्मूल्यांकन नतीजे
- अधिकतर कक्षाओं में प्रथम वर्ष के परिणाम 50 प्रतिशत के आस-पास ही रहे हैं

# अवैध वसूली को लेकर ट्रक मालिक आक्रोशित फिटनेस सेंटर के बाहर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वाहन फिटनेस की जांच का निजी क्षेत्र में ठेका देने के बाद ठेका कंपनी पर अवैध वसूली करने के लगातार आरोप लग रहे हैं। ट्रक चालकों से वाहन फिटनेस के लिए 14 सौ रुपए शुल्क लिए जाने के बाद ठेका कंपनी द्वारा फिटनेस देने के नाम पर एक हजार रुपए, जिसे बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया गया है, लेने का आरोप है। इससे नाराज होकर गुरुवार को टाटीबंध यूनियन ट्रक मालिक संघ ने परिवहन विभाग के फिटनेस सेंटर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। स्थिति को देखते हुए पुलिस ठेका कंपनी के मालिक को सुरक्षा की दृष्टि से अपने साथ थाना लेकर गई।

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व तत्कालीन राज्य सरकार ने वाहनों की हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच करने निजी क्षेत्र को ठेका दे दिया था। नियम के मुताबिक फिटनेस जांच का शुल्क परिवहन विभाग में जमा होता है। रसीद दिखाने पर फिटनेस सेंटर के संचालक वाहनों की फिटनेस जांच कर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट देता है। उस आधार पर परिवहन विभाग वाहन को सड़क में संचालित होने अनुमति प्रदान करता है।

### गुंडों की मदद से डेढ़ा वसूली करने का आरोप

वर्तमान में फिटनेस सेंटर का संचालन करने रोविंग आई प्राइवेट सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दिया गया है। फिटनेस सेंटर का संचालन किसी आशीष गर्ग के पास है। आरोप है कि जिसने फिटनेस जांच करने का ठेका लिया है, उस व्यक्ति ने किसी दूसरे व्यक्ति को वाहनों की फिटनेस जांच करने का ठेका दे दिया है। फिटनेस जांच करने जिस दूसरे व्यक्ति ने ठेका लिया है, उस पर आरोप है कि उसने गुंडों की मदद से वाहन मालिकों को डरा धमकाकर पिछले कुछ दिनों से अवैध वसूली की राशि एक हजार रुपए से बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए कर दिया है। वाहन मालिक इसी बात से नाराज थे।

- फिटनेस के नाम पर गुंडों की मदद से हजार की जगह डेढ़ हजार रुपए वसूली का आरोप
- अफसर बोले जांच के बाद कार्रवाई करेंगे





### जांच के बाद आयुक्त को पत्र लिखेंगे

ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया है। ट्रक मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा है। आरोपों की जांच करने के बाद फिटनेस सेंटर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने आयुक्त को पत्र लिखेंगे।
- **आशीष देवांगन,** आरटीओ रायपुर

### फिटनेस जांच कराने का यह नियम

ट्रांसपोर्ट वाहन को आठ वर्ष पूर्ण होने के बाद हर दो साल में फिटनेस प्रमाण निरीक्षण कराना अनिवार्य है। आठ साल से ज्यादा उम्र के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री तथा माल वाहक दोनों के लिए है। वाहन मालिकों ने फिटनेस सेंटर संचालक पर आरोप लगाया है कि फिटनेस सेंटर संचालक वाहनों की बगैर फिटनेस जांच किए फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर देता है। इससे परिवहन विभाग द्वारा औचक निरीक्षण करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### वाहनों को कई-कई दिनों तक रोके रखने का आरोप

वाहनों का फिटनेस सेंटर में ऑटोमैटिक हाईटेक तरीके से फिटनेस जांच की जाती है। वाहन मालिकों का आरोप है कि फिटनेस सेंटर का संचालक अतिरिक्त शुल्क लेने के बाद भी वाहनों की फिटनेस जांच करने के नाम पर वाहनों को कई-कई दिनों तक सेंटर में रोक कर रखता है। फिटनेस सेंटर के संचालक पर वाहनों का जल्द फिटनेस कराने बिचौलियों की मदद से अतिरिक्त शुल्क वसूली करने का आरोप लगाया है।

# उद्यान में लगाए पौधे, मूक-बधिर बच्चों को बांटे फल-बिस्किट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सामाजिक सेवा संस्था हम साथ-साथ की सदस्यों ने डीडीनगर सेक्टर- 1 में स्थित उद्यान में आम, अमरूद, जामुन, नीम एवं अशोक के पौधे लगाए। संस्था की संस्थापक-अध्यक्ष मृणालिनी मिश्रा एवं पदाधिकारी-सदस्य दिव्या शुक्ला, कणिका चौबे, निर्मला शर्मा, वैजंती चतुर्वेदी, दमयंती ठाकरे, सरस्वती चौरसिया, शोभा त्रिपाठी, विभा तिवारी, अंजु शर्मा ने मूक-बधिर स्कूल कोपलवाणी के बच्चों को फल, मिठाई, बिस्किट, मैगी नूडल्स और चॉकलेट वितरित किए।

# सस्टेनेबिलिटी इनिशिएटिव के तहत आरकेएम पावर के साथ फ्लाई ऐश आपूर्ति का त्रिवर्षीय अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक सीमेंट और आरकेएम पावर के बीच फ्लाई ऐश की आपूर्ति एवं उपयोग के लिए तीन वर्षों के लिए महत्वपूर्ण समझौता किया गया। यह करार 3 वर्ष जुलाई 24 से जून 27 तक प्रभावी रहेगा। इस समझौते के अनुसार, अल्ट्राटेक सीमेंट छत्तीसगढ़ में स्थित अपने 4 संयंत्रों – रावन, हिरमी, बैकुंठ और कुकुरडीह के लिए आर के पावर से फ्लाई ऐश प्राप्त करेगा। इसका परिवहन विशेष बल्कर वाहनों के माध्यम से किया जाएगा, जो कि प्रदूषण मुक्त होगा और पर्यावरणीय मानकों का पालन करेगा। इस कड़ी में आज अल्ट्राटेक सीमेंट के वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रवीण कुमार एवं आरकेएम पावर जनरेशन के संयंत्र प्रमुख शैलेन्द्र भटनागर ने पहले ट्रक डिस्पैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के संजय शर्मा एवं आर के पावर के विनायक सेजल, कलई सेल्वन, दुर्गा राय और रजत चक्रवर्ती समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद थे। अल्ट्राटेक सीमेंट के वरिष्ठ महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ में फ्लाई ऐश से होने वाले प्रदूषण से निपटना एक बड़ी चुनौती है। इस दिशा में अल्ट्राटेक सीमेंट पर्यावरण सुरक्षा के लिए सतत सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

## फ्लाई ऐश का प्रदूषण घातक, निपटने की चुनौती है बरकरार



### समुचित वेस्ट प्रबंधन की दिशा में प्रतिबद्धता सुदृढ़ होगी

श्री प्रवीण कुमार ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट ने आज पर्यावरण संरक्षण और समुचित वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इस समझौते के माध्यम से, अल्ट्राटेक सीमेंट और आरकेएम पावर ने साझा प्रयास किया है। प्रदूषण कम करने और स्थायी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी निष्ठा को स्पष्ट करने के लिए। यह एक और महत्वपूर्ण कदम है जो उनके वृहत सामाजिक और पर्यावरणीय उत्कष्टता के साथ उनके संयमित उद्यम को और भी मजबूत बनाएगा।

## कलेक्टर ने किसानों से सतत संपर्क बनाये रखने अधिकारियों को दिए निर्देश

# किसानों की समस्याएं सुनें और दूर करे विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित खरीफ फसलों के लिए मैदानी अमलों का प्रशिक्षण एवं विभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के लगातार संपर्क में रहने तथा उनकी समस्याओं को पहचान कर दूर करने का प्रयास करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि फिल्ड में किसानों एवं किसान संगठनों से मिलते रहें। विभागीय योजनाओं की जानकारी समय पर दें, ताकि किसान विभागीय योजनाओं से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। इस प्रकार किसान सम्मान निधि में अच्छा काम हुआ है, उसी प्रकार अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन भी बेहतर हो। सभी मैदानी अधिकारी अपने मुख्यालय पर ही रहें और अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर कार्य से जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि बेहतर काम करने वाले 5 अधिकारियों को हर माह पुरस्कृत किया जाएगा, लेकिन ऐसे अधिकारी जो अपने कार्य में रुचि नहीं लेंगे उन पर कार्यवाही भी की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिन मैदानी अमलों का कार्य निष्पादन औसत है उन्हें प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक सहित कृषि विज्ञान केंद्र, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, एसएडीओ, आरएईओ उपस्थित थे।




### संयंत्रों में नियमों का पालन एवं निगरानी करेगी जिला स्तरीय टीम

**बलौदाबाजार।** जिले में स्थापित सीमेंट एवं अन्य संयंत्रों तथा माइंस में नियमों का पालन एवं निगरानी के लिए कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा जिला स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया गया है। गठित टीम द्वारा जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। टीम में उप संचालक खनिज प्रशासन, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम पदाधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मण्डल रायपुर शामिल हैं। कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधान के सम्बन्ध में कार्यालय औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधान के तहत कारखानों की जांच तथा उनके द्वारा किये जा रहे पदार्थों का सुरक्षित रूप से परिवहन की जांच, जिला परिवहन अधिकारी द्वारा कारखानों में उपयोग में लाए जा रहे क्लिकर, फ्लाई एवं अन्य पदार्थ जिससे सड़क व पर्यावरण प्रभावित हो रहा है उसकी जांच, श्रम पदाधिकारी द्वारा समस्त श्रम कानूनों का पालन कारखानो में किया जा रहा है या नहीं तथा समस्त ठेकेदार जिसमें परिवहन भी शामिल हैं उसकी जांच, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के तहत श्रम पदाधिकारी व सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा संयुक्त जांच, जिला उद्योग एवं व्यापार द्वारा औद्योगिक नीति के तहत पालन प्रतिवेदन, जिला खनिज अधिकारी द्वारा सभी कारखानों के माइंस का निरीक्षण किया जाएगा।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा शनिवार को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया है। जिसमें सिविल और राजस्व न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन संबंधी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकदमा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड–19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण संबंधी, सुखाधिकार संबंधी, विक्रयपत्र, दानपत्र, वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे।यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकदमा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी हेतु जिला विधिक प्राधिकरण, सिविल और राजस्व न्यायालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

**राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन : रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में सौंपा गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट-2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए, राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा की। आयोग के अध्यक्ष ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए उचित निर्णय लेकर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता 20 को

**महासमुंद।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 20 जुलाई 2024 को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग सब जुनियर ग्रुप 10 से 14 वर्ष, बालक/बालिका, जूनियर ग्रुप 14 से 18 वर्ष, बालक/बालिका, सीनियर ग्रुप 18 से 28 वर्ष बालक/बालिका के बीच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में चार इवेंट ट्रेडिशनल योगासन, रिदमिक योगासन डबल, आर्टिस्टिक योगासन सिंगल एवं आर्टिस्टिक योगासन डबल शामिल है। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी 20 जुलाई 2024 को सुबह 8 बजे प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराकर खेल प्रतियोगिता भाग ले सकते हैं।

### प्राक्चयन परीक्षा परिणाम जारी

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का जिलेवार परीक्षा परिणाम ऑनलाइन पोर्टल पर जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि परीक्षा परिणाम में रोल नंबर, नाम में कोई भी विसंगति हो तो विद्यार्थी अपने अभ्यावेदन में पूर्ण विवरण एवं मोबाइल नंबर की जानकारी ईमेल आईडी पर 14 जुलाई 2024 तक रात्रि 12 तक प्रेषित कर सकते हैं।

### छग राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारणी सदस्य बने धर्मेंद्र

**महासमुंद।** स्थानीय अयोध्या नगर निवासी विहिप धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख धर्मेंद्र महोबिया को छग राज्य बाल कल्याण परिषद का कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। महासचिव छग राज्य बाल कल्याण परिषद चंद्रेश साह ने हस्ताक्षरित पत्र जारी कर नियुक्ति पत्र जारी की है। परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल के अनुमोदन से महोबिया को सदस्य नामित किया गया है। महोबिया की नियुक्ति से विहिप नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने गुरुवार को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के संबंध में सौंपा गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट-2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए, राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा की।

### अशोक बने अध्यक्ष इकबाल उपाध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग द्वारा मेट्रो हाइट्स रेजिडेंशियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी की चुनाव प्रकिया रिटर्निंग ऑफिसर सुमीत डडसेना के नेतृत्व में गुरुवार को की गई। श्री डडसेना ने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष अशोक कुमार छाजेड़ को बनाया गया और उपाध्यक्ष इकबाल सिंह भामरा को चुना गया।

## स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप में 100 शिक्षकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्राथमिक शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का आयोजन यह 8 से 12 जुलाई तक विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र समग्र शिक्षा भाटापारा में एनसीईआरटी के दिशा निर्देशन पर आयोजित किया गया। अनिवार्य प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रथम चरण का वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसका आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भाटापारा परिसर में किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग की इस अति महात्वाकांक्षी प्रशिक्षण को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण के तौर पर प्रशिक्षण प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लेखराम साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम जी पाल के मुख्य संयोजन में यह आयोजित किया गया। विकासखंड के समस्त तीस संकुलों से प्राथमिक शालाओं के 100 शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रशिक्षण में हिस्सा लिया, जिसमें तीस संकुल के शिक्षकों को दो भाग में विभाजित कर अलग-अलग स्थानों पर वर्कशॉप की व्यवस्था की गई थी। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भाटापारा में टीचर लर्निंग सेंटर वर्कशॉप में आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में रविशंकर चंद्रकार, रितु त्रिपाठी, अभिनव अग्रवाल, इति शर्मा प्रमुख थीं।



## प्रदूषण को कम करने पौधारोपण जरूरी




**खरोरा।** एक वृक्ष मां के नाम थीम पर आधारित विकासखंड तिल्दा-नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में रसोइयों द्वारा पौधारोपण किया गया। शिक्षक धीरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में रसोइयों उर्वशी वर्मा, चंपा बाई देवांगन एवं दुलौरिन यादव द्वारा विद्यालय प्रांगण में फलदायी एवं छायादायी पौधा रोपण किया गया तथा बच्चों की भांति इन वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया। शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने पौधारोपण के उद्देश्य गिनाते कहा कि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। यदि अधिक पेड़ लगाए जाएं तो दुनिया का पर्यावरण रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान बन जाएगा। पौधारोपण प्रदूषण को भी कम करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन सुरक्षित होता है। पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक आवश्यक है। इसमें विद्यार्थियों की भी अहम भूमिका होती है।

## भगत राम बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल केंद्र रोहिना में शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। शिक्षकों, गणमान्य नागरिक, पालकों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भगत राम लहरे, उपाध्यक्ष राजकुमारी खूंटे, पंचायत प्रतिनिधि रोहित कुमार खूंटे, शिक्षा विद दिलीप कुमार लहरे, सदस्य के रूप में बहारता लहरे, पन्ना लाल खूंटे, द्रौपदी खूंटे, निर्मला खूंटे, भागमती खूंटे, अमरौतिन, जया खूंटे, फूलकुमारी खूंटे, शिवकुमारी यादव, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर कर्स, सचिव रामदुलार निराला प्रधान पाठक का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। रामदुलार निराला प्रधान पाठक द्वारा सभी बच्चों को न्योता भोज कराया गया।

न्योता भोज शासन द्वारा दानदाताओं पालकों को स्कूल में बच्चों को कराने का अवसर दिया है, जो दानदाता न्योता भोज कराना चाहते हैं वे तीन दिन पहले सूचना देकर न्योता भोज करा सकते हैं।



## जीएनएन कालेज का मुख्य गेट बंद छात्र परेशान, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

जीएनए महाविद्यालय नगर में एक बड़ा महाविद्यालय है, जिसमें आसपास के गांवों से छात्र छात्राएं पढ़ने आते हैं। उन्हें विभिन्न समस्याओं को लेकर परिसर में सामना करना पढ़ता है। इसमें कालेज के मुख्य द्वार का बंद होना जिसके कारण विद्यार्थियों को घुमकर आना पढ़ता है। दूसरा वर्षों से निर्माणाधीन ऑडिटोरियम जो अब तक बनकर तैयार नहीं हुआ है, इस कारण उसका लाभ विद्यार्थियों को नहीं मिल पा रहा है। इस मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने नगर मंत्री राजीव मिरझा, सह मंत्री महेंद्र भारद्वाज, सह मंत्री संस्कार सोनी, एसएफएस प्रमुख सुशांत नवरंगे, महाविद्यालय प्रमुख सोहन साहू आदि छात्रों ने ज्ञापन सौंपा, जिस पर प्राचार्य ने जल्द ही समस्या को हल करने के लिए सहमति दी है।



## खारुन के एसटीपी का बिजली बिल बचाने सोलर पैनल प्लांट लगवाएगा नगर निगम

**रायपुर।** खारुन नदी में 17 नालों का गंदा पानी साफ करने लगाये गये तीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के भारी-भरकम बिजली बिल बचाने नगर निगम सोलर प्लांट लगाने की तैयारी में है। इसके लिए 2.8 मेगावाट की बिजली बनाने 13 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। यह पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगा। प्रस्ताव को अमृत मिशन के अधिकारियों ने निगम के बिजली विभाग के पास आगे बढ़ाया है। यहां से इसे परीक्षण के लिए क्रेडा को प्रपोजल भेजा जायेगा। क्रेडा के समन्वय से सोलर प्लांट का कार्य कराने की योजना है। दरअसल, अमृत मिशन के तहत खारुन नदी में गिर रहे नालों के सीवरेज के पानी को उपचारित करने कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज प्लांट लगाया गया है। नागपुर की एसएमएस कंपनी इस प्लांट का संचालन व संधारण का कार्य कर रही है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का 2 साल में 16 करोड़ 32 लाख का बिजली बिल आने के बाद नगर निगम ने इस बिल से राहत पाने विकल्प के तौर पर सोलर पैनल का प्रस्ताव तैयार कराया है। इस प्रस्ताव को परीक्षण के लिए क्रेडा को भेजा जायेगा। विदित हो, निमोरा में 90 एमएलडी, कारा में 35 एमएलडी और चंदनीडीह में 75 एमएलडी गंदे पानी को उपचारित करने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है। इससे खारुन में नालों का पानी साफ कर दोबारा उपयोग के लायक बनाकर छोड़ा जा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### अज्ञात वाहन की ....

की बाइक को किरण पेट्रोल पंप के पास जबरदस्त टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार संतोष साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची सिमगा पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### प्राणघातक हमला...

पीड़ित के दाहिने पैर के पिंडली एवं बांये चेहरा में चोट आयी है।वहीं उसके साथी यशवत, किशन एवं भीम से भी मारपीट की, जिससे उन्हें भी चोट आयी है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली ने धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5), 109 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

**पुलिस ने अपचारी बालक सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा:** विवेचना के दौरान थाना सिटी कोतवाली से सउनि मालिक राम भारद्वाज एवं पेट्रोलिंग टीम द्वारा आरोपी अक्षय कुमार 20 वर्ष साकिन कोकड़ी वार्ड 12 नयापारा रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली एवं एक अपचारी बालक को पकड़ा है।

पूछताछ पर उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर, प्रार्थी एवं उसके दोस्तों को चाकू, लाठी, पाइप आदि से मारपीट कर प्राण घातक चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल एवं अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजा। प्रकरण में मारपीट करने वाले अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### सरकारी कार्य में ...

करते हुए धमकी देना स्वीकार किया। आरोपी शिवम को शुक्रवार को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202406210200103/अ-2/2023-24
ग्राम कोकडी प.ह.नं. 16 तह. बलौदाबाजार
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा जाटवर पति मिथुन जाटवर निवासी ग्राम परसाडीह, तहसील बिलाईगढ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम कोकडी प.ह.नं. 16 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 57/25 रकबा 0.0280 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.0280 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदिका द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ. ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 22/07/2024 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार**

बालाजी प्रा. आई.टी.आई
ITI BHATAPARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
सिद्ध बाबा रोड (रेलवे गेट के पास) भाटापारा
89595-93918 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### नाबालिग लड़की की जहर सेवन से मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे कोयल शर्मा पिता राजकुमार (17 साल) निवासी सरायपाली ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सरायपाली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना लगुतराम ध्रुव ने पुलिस को दी की उसके पिता जयलाल ध्रुव (65 साल) ने 11 जुलाई को अज्ञात कारणों से फांसी लगा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### नाबालिग युवक लापता, केस दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय युवक लापता हो गया। परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। थाने में दर्ज शिकायत के मुताबिक, 11 जुलाई को नाबालिग युवक को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर कहीं ले गया है। परिजनों ने आसपास पतासाजी की, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद युवक की गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज करायी गई। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 137 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं मधुमती

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय एक दिवसीय महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण नारी शक्ति से जल शक्ति की थीम पर 10 जुलाई को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस प्रभारी मधुमती चंद्राकर भी कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण में शामिल हुई। एनएसएस प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों को पूर्ण करने एवं सक्रिय सहभागिता के लिए प्राचार्य जीआर सिन्हा, व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, विवेक राहटगांवकर, पूजा साहू, चंद्रशेखर मिथलेश एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान के तहत वन महोत्सव 2024 ग्राम खैरा में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में पार्षद, नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## पौधारोपण : वन महोत्सव में शामिल हुईं विधायक ने वनों की गिनाई महत्ता

# जल-जंगल और जमीन की रक्षा जीवन की सुरक्षा : विधायक कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना वन महोत्सव कार्यक्रम, विधानसभा बिलाईगढ़ के झरनी पारा धनसीर और धौराभाठा में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान की अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसींवा के अध्यक्ष लव साहू, बबलू खान, जीवर्धन पटेल, लोकनाथ पटेल, दादू गोटिया, संजय कंवर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन उपस्थित रहे। वन विभाग द्वारा आयोजित एक पौधा मां के नाम, पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक कविता प्राण लहरे ने एक आंवला का पौधा लगाया। वहीं युधिष्ठिर नायक ने आम का पौधा लगाया। लव साहू ने इमली का पौधा लगाया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कई फलदार पौधे लगाएं। वन महोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान ने उद्बोधन दिया। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक कविता प्राण लहरे ने जल जंगल और जमीन को छत्तीसगढ़ की पूंजी बताई, जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य बताया। साथ ही साथ प्रकृति से खिलवाड़ करना हमारे लिए घातक बताया। अंत में उपस्थित आमजन के आवेदन व समस्या के संबंध में भी समस्या मूलक पहल कर सबको संतुष्ट किया।



## स्कूल में लगाये गए विभिन्न प्रकार के पौधे

**पलारी।** गोड़ा स्कूल में पौधारोपण किया गया, दसमें अतिथियों द्वारा नीम, जामुन, सदाबहार, तुलसी, आम, नींबू, अमरुद सहित कई अन्य पौधे लगाए। बच्चे भी अपने साथ पौधे लेकर आए थे। सभी विद्यार्थियों द्वारा लाए गए पौधों को वैज्ञानिक नाम दिया गया। मुख्य अतिथि तेजराम वर्मा ने बच्चों को पेड़ों के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा हमारा जीवन पेड़ों पर ही निर्भर है। हमारे चारों तरफ कंक्रीट के जंगल बसते जा रहे हैं और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। इसलिए हमें प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हर खुशी या यादगार दिवस के अवसर पर साल में कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच कौशील्या डायमंड साहू ने भी बच्चों को वृक्षों से होने वाले फायदों के बारे में अवगत करवाया।



## आंबा कार्यकर्ताओं ने रोपे फलदार और छायादार पौधे

**गिधौरी।** एक पेड़ मां के नाम के तहत नगर पंचायत टुण्डरा के आंगनबाड़ी केंद्र 3 में कार्यकर्ता, सहायिका ने शुक्रवार को पौधारोपण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे, सहायिका चंद्रिका यादव सहित आस पास के बच्चों एवं महिलाओं ने मिलकर फलदार, छायादार पौधे लगाए। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे ने बताया कि हम लोग महिला बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्र सहित अन्य स्थानों पर पौधा लगाए हैं। उन्होंने कहा लगातार बढ़ रही वृक्ष की कटाई से पर्यावरण का संतुलन हर साल बिगड़ रहा है और तापमान बढ़ रहा है, जिसका संरक्षण करना हमें बहुत जरूरी है। साथ ही हमें शुद्ध आक्सीजन एवं अच्छा पर्यावरण के साथ-साथ हमें जीवन में खाने के लिए अच्छे फल और गर्मियों के मौसम से छांव के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। इसलिए हमें पेड़ लगाना चाहिए और पेड़ लगाना ही नहीं इसकी रक्षा करना भी हमें बहुत जरूरी है, जिससे धरती हरी भरी हो और सुंदर पर्यावरण हो। गर्मियों में तापमान में गिरावट आये। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सभी लोगों को पौधा लगाने की अपील की, ताकि हमारे पर्यावरण बेहतर हो और गर्मियों में बढ़ने वाले तापमान में कमी आए।




## प्रवेशोत्सव पर बांटी गई पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

हायर सेकंडरी स्कूल परसाडीह में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष खूबचंद ने छात्र–छात्राओं को किताबें और गणवेश प्रदान किए। मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। खूबचंद ने सभी विद्यार्थियों को उनके बेहतर भविष्य की शिक्षा के प्रति बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने माता–पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में सरपंच दीपेन्द्र जाटवर, होलिका प्रसाद जांगड़े, विद्यालय के प्राचार्य महेशराम कुर्रे, उषा जाटवर व्याख्याता, जीतराम साहू व्याख्याता, निशा व्याख्याता, सद्भावना साहू व्याख्याता, शकुन साहू व्याख्याता, उमेश कुमार व्याख्याता, सुरेश कुमार व्याख्याता संतराम व्याख्याता बृजमोहन व्याख्याता, प्रेम कैवर्त व्याख्याता, अखिलेश साहू व्याख्याता, गीता कुर्रे प्रधान प्राचार्य मिडिल स्कूल, शिक्षकगण, अभिभावक, और छात्र– छात्राएं उपस्थित थी।



## महिलाओं ने पौधारोपण कर जल संरक्षण की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड पलारी मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर वन ग्राम धमनी के तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों की महिलाओं सहित कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर जल संरक्षण की शपथ ली।

इस दौरान सहायिका एवं ग्राम के सहेली महिला समुह के सदस्यों, मितानिन सहित सभी महिला शक्तियों को कुमारी दीक्षा ठाकुर पर्यवेक्षक महिला बाल विकास द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ जल संरक्षण पर संकल्प करवाया। वहीं नीम और जामुन तथा सिंदूर पौधों का रोपण किया गया। यह रोपित पौधों को अपने आंगनबाड़ी के बच्चों से तुलना करते हुए आंगनबाड़ी सरिता पैकरा और अंजु यदु तथा हेमंत कन्नौजे ने सुरक्षा और समय–समय पर पानी सिंचाई करने की जिम्मेदारी ली। इसके बाद सभा आयोजित की गई। स्वागत वंदन पश्चात कुमारी दीक्षा ठाकुर ने प्रथम पुत्री के जन्म पर उसके हित में शासन की योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रधानपाठक जय प्रकाश साहू द्वारा बाल विकास के प्रति विचार व्यक्त किया। हाई स्कूल के प्रधान पाठक मुकेश कुमार चौहान द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति साफ–सफाई पर पालकगणों को सुझाव दिया। वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव द्वारा पौध रोपण करने और उसे सुरक्षित रखने के लिए आज के महत्व पर बढ़ते प्रदूषण से निपटने के प्रति विचार व्यक्त किया।



## शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधायक संदीप..



**पलारी।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम गबौद के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला द्वारा आयोजित संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू शामिल हुए। इस दौरान नव प्रवेशी विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव के दौरान शाला में प्रवेश लेने के लिए स्वागत व अभिनंदन कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूलों से शिक्षकगण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडपार-सरसीवा

छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा रविवार को बीएससी नर्सिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं व्यापमं की वेबसाईट व्यापम डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। यह परीक्षा रविवार पूर्वान्ह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र, फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। व्यापमं ने परीक्षार्थियों को निर्देश में कहा है कि प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, ताकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापमं की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा होगी। परीक्षार्थी काले या नीले बॉल पेन का उपयोग कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी या अन्य सामग्री लेकर जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र की कॉपी सुरक्षित रखें।

## उधारी का पैसा मांगने पर दी धमकी, पति-पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



उधार के रुपए वापस मांगने की बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थिया गुड्डी निवासी एकता नगर सिमगा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो वर्ष पूर्व एकता नगर निवासी कीर्ति गोंड़ से अधिक मात्रा में कर्ज लिया था। प्रार्थीया द्वारा पिछले दो वर्षों से उधार की रकम 30 हजार के बदले में 1,27,000 वापस कर दिया गया हैं। जिसकी किसी प्रकार की लिखा पढ़ी नहीं हुई थी। इसके बाद भी कीर्ति 45 वर्ष तथा उसकी पत्नी संतोषी 35 वर्ष द्वारा प्रार्थीया व उसके परिवार वालों से अश्लील गाली गलौच कर उधार लिए गए रकम वापस करना बाकी है कहते हुए 2,50,000 की मांग करने लगे। दोनों द्वारा आए दिन रूपये वापस नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जबकि उधार के रकम से चार गुणा अधिक वापस करने के बाद भी हम लोगों को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता है। इस पर सिमगा पुलिस ने धारा 294, 506, 384, 34 भादवि, 04 कर्जा एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में ले कर आरोपीयों से पूछताछ करने पर उन्होंने घटना घटित करना स्वीकार किया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## भरत देवांगन उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# विश्व जनसंख्या दिवस पर हुई भाषण और पोस्टर मेकिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उप प्राचार्य हरीश देवांगन, डोमार सिंह यादव, शाहिना परवीन, संगीता नायक, श्वेता शर्मा की उपस्थिति में विश्व जनसंख्या दिवस थीम किसी को पीछे न छोड़ें, सबकी गिनती करें कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना, वैश्विक जनसंख्या वृद्धि से जुड़े प्रमुख मुद्दों तथा विकास एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में जागरुकता संबंधी भाषण प्रस्तुतियां बच्चों द्वारा की गईं। इस भाषण बिंदु में वर्ल्डोमीटर के अनुसार वर्तमान वैश्विक जनसंख्या 8,120,886,060 हैं और यह निरंतर बढ़ती ही जा रही है, लघु परिवार सुखी परिवार, हम दो हमारे दो जैसे नारों के बारे में अपने विचार रखें। इसी कड़ी में प्राचार्य ने जनसंख्या नियंत्रण पर बिंदुवार विचार रखे। उनके समाज, अर्थव्यवस्था पर प्रभाव को बखूबी प्रस्तुत किया। उप प्राचार्य हरीश देवांगन ने भी अपने विचार रखते हुआ कहा कि जनसंख्या नियंत्रण उपाय जरूरी है। लोगों में जनजागरूकता से सोच को बदलना होगा। कार्यक्रम संचालन संगीता नायक द्वारा एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता शाहिना परवीन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डोमार सिंह यादव, शाहिना परवीन, संगीता नायक, श्वेता शर्मा, अमर बर्मन एवं समस्त स्टॉफ छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।





भाषण में कुल 14 विद्यार्थियों, पोस्टर मेकिंग में 54 विद्यार्थियों जिसमें हीना वर्मा, लीशा साहू, भावना मानिकपुरी, हिना गेंडरे शिवानी देवांगन, मुस्कान देवांगन, अंजली वर्मा कल्याणी ध्रुव, हेमलता साहू, ज्योति भारती, गौतम, थानेश्वर साहू, गजेंद्र कुमार, गोपाल साहू, भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिए तथा पोस्टर मेकिंग में दामिनी यादव, आंचल, निकिता मौशमी भारद्वाज, गुंजन साहू, मोनिका बघेल, अमृता देवांगन, देविका देवांगन, प्रीमिता बंजारे, पूजा साहू, कामनी साहू, गोमती वर्मा, भूमिका वर्मा, ज्योति टंडन, कुमारी सेन, गरिमा साहू, मुस्कान प्रजापति, मानसी साहू, भावना बांधे, हिना वर्मा, निकिता वर्मा, टिकेंद्र साहू, थानेश्वर साहू, भागवत साहू, प्रवीण साहू, भोला धीवर, योगेश साहू, कल्पना, मनीषा साहू, छाया देवांगन, पूनम देवांगन, कविता देवांगन, गीतांजली मांडले, ज्योति बांधे, गरिमा मानिकपुरी, रितु नारंग, सिखा नारंग, डॉली देवांगन, डिगेश्वरी देवांगन, किरण यादव, मंतरा अंसारी, प्रियंका मानिकपुरी डॉली निषाद, एश्वर्या कोशले, प्रियंका डहरिया, स्नेहा मसीह, लिशा साहू, यशस्वी, रीना विश्वकर्मा, तराना वर्मा, किरण, नम्रता, एवम चंचल साहू हिस्सा लिए।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल** एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत **टुण्ड्री** में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071